भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

31.07.2024 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1539 का उत्तर

नंदुरबार से पुणे तक ट्रेन सुविधा

1539. एडवोकेट गोवाल कागडा पाडवी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इस तथ्य से अवगत है कि उत्तरी महाराष्ट्र के नंदुरबार, धुले और जलगांव से पुणे तक यात्रा करने वाले हजारों छात्रों को रेल सेवाओं की अनुपलब्धता के कारण काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है; और

(ख) क्या सरकार नंदुरबार से पुणे तक रेल सुविधा उपलब्ध कराने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख) इस समय, जलगांव और चालीसगांव क्रमशः 10 जोड़ी और 05 जोड़ी गाड़ियों द्वारा पुणे से जुड़े हुए हैं। पुणे जाने के इच्छुक नंदुरबार के यात्री जलगांव में गाड़ी बदल सकते हैं, जबकि धुले के यात्री चालीसगांव से पुणे के लिए सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा, भारतीय रेल पर यातायात औचित्य, परिचालन व्यवहार्यता, संसाधन उपलब्धता आदि के अध्यधीन नई गाड़ी सेवाओं की शुरूआत एक सतत् प्रक्रिया है।

****